www.iimidr.ac.in






सिद्धिमूलं प्रबन्धनम्
भा. प्र. सं. इन्दौर
IIM INDORE

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में हम सर्व प्रथम सबसे प्रभावशील शिक्षण पद्धतियों को अपनाने में विश्वास रखते है। इसके साथ ही केस–पद्धतियों को विधिवत प्रतिभागी–केन्द्रित सिम्युलेशन के तहत अधिक से अधिक उपयोग कर सकते है।

# निदेशक का संदेश



भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में आपका स्वागत है।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में हम दृष्टि–प्रासंगिक संदर्भ में शैक्षणिक मापदण्डों पर आधारित एक विश्वस्तरीय बिजनेस स्कूल का निर्माण कर रहे है। हमारा यह भी प्रयास है कि, भविष्य के प्रबंधकों, नेतृत्व,उद्यमियों में प्रबंधन के विश्लेशणात्मक पध्दतियों को अपनाने तथा सामाजिक संवेदनशीलता के मुद्दों को परखनें की गहरी समझ निर्माण हो एवं इस हेतु हमे हमारें पैर मजबूती के साथ धरातल पर रखने होंगे।

हम अनुभव करते है कि, समाज के विभिन्न वर्गो के प्रतिभावान व्यक्ति अपने प्रबंधकीय कौशल के साथ विभिन्न समूहों में कार्यरत है। अत: हम अनेक विविधता के साथ शैक्षणिक व कार्यकारी शैक्षिक कार्यक्रमों का सुन्दर संगम कर प्रतिभाओं को संस्थान में आमंत्रित करते है।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में हम सर्व प्रथम सबसे प्रभावशील शिक्षण पध्दतियों को अपनाने में विश्वास रखते है साथ ही केस–पध्दतियों का विधिवत प्रतिभागी–केन्द्रित सिम्युलेशन के तहत अधिक से अधिक उपयोग कर सकते है।

हम अनुसंधान एवं केस लेखन क्षेत्र में समग्र विस्तार करनें हेतु प्रतिबध्द है। इस उद्देश्य से संस्थान के 20 से अधिक प्राध्यापक संवर्ग हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में प्रतिभागी–केन्द्रित शिक्षा पध्दति को समझने व आत्मसात करनें हेतु भेजे गये है। अब हमारे संकाय विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में कौशल एवं व्यावसायिक विकास कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु नामांकित किये जा रहे है।

इस संस्थान में नवाचार एवं मापदण्ड़ के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंधन में स्नातकोत्तर छात्रों के सर्वांगिण विकास हेतु अद्वितीय ग्रामीण विपणन उत्सव और हिमालय दर्शन कार्यक्रम को अनुभव व प्रतिफल सीखने हेतु शामिल किया गया है। भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर ही एकमेव प्रबंध संस्थान है जहाँ पर प्रबंधन में पंचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है।

संस्थान में अत्यंत प्रतिभाशाली, पूर्णकालिन संकाय उपलब्ध है साथ ही समय समय पर अनुभवी शैक्षणिक, उद्योग जगत के अन्य घटक सहायता हेतु उपलब्ध है। इनका सुन्दर समावेश कर हम यह सुनिश्चित करते है कि, संस्थान के छात्रों को सैध्दांतिक एवं प्रायोगिक दोनो ही पृष्ठभूमि मिल सके।

हमारी उत्कृष्ठ शिक्षा पध्दति एवं क्रियाशील बुनियादी ढाँचे का संमिश्रण शैक्षिक गतिविधियों को एक मजबूत नींव प्रदान करना है।

हम सदैव आपके साथ कार्य करनें के अवसर प्राप्त करनें हेतु तत्पर है।

ऋषिकेश टी. कृष्णन
निदेशक, भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर

# भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
## एक संक्षिप्त परिचय




वर्ष 1996 में स्थापित भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर राज्य द्वारा सहायता प्राप्त उच्च स्तरीय प्रबंध संस्थानों में अपने परिवार में छठवें स्थान पर है। अपनी स्थापना वर्ष से ही यह संस्थान उद्योग जगत शासकीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ तालमेल रखते हुए अग्रणी स्थान पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

193 एकड़ का विशाल परिसर मननशील शिक्षण हेतु आदर्श वातावरण निर्मित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान में आधुनिक शिक्षण सहायक उपकरण, विपुल शिक्षण संसाधन की अवंसरचना, मजबूत सूचना प्रणालि की पृष्ठभूमि, आधुनिक खेल परिसर एवं छात्रावास उपलब्ध है।

# विशेषताएं

## शिक्षा

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में अंत:विषय शिक्षण एवं शोध प्रदान करता है जो छात्रों के जीवन की वास्तविक कठिनाईयों को हल करने एवं ज्ञान की उन्नति हेतु डेटा, सूचना, आधुनिक उपकरण एवं तकनीकी दृष्टीकोण के पहलुओं को समझनें में सहायक होता है।

## नवाचार

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर भारत में तेजी से वृध्दि करता हुआ एक प्रबंध संस्थान है। यह आज अपनी उन्नति के लिए ही नही वरन् नये शोध, विविध शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित करनें में भी अग्रणी है जैसे प्रबंधन में पंचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रम हो या अन्यंत्र कार्यरत छात्रों हेतु फेलो (पीएचडी) कार्यक्रम आदि। भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर एकमात्र संस्थान है जहाँ छात्रों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को और आगे विस्तारित किया जाकर पीजीपी सप्ताहांत कार्यक्रम मुंबई तथा युएई दुबई में संचालित किये जा रहे है।

" युवा उज्ज्वल क्षमता वाले संभावित प्रबंधकों एवं प्रोत्साहक संकाय से एक अत्यन्त आकर्षक वातावरण वाले संस्थान में भेंट, एक बहुत अच्छा अनुभव था। "

राहुल सिन्हा, अध्यक्ष सीपी–एएसएफ, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड

## दृष्टीकोण

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर प्रतिभागी–केन्द्रित पहल को शिक्षण पध्दति में प्रस्तावित करता है। संस्थान से 20 से अधिक प्राध्यापक संवर्ग हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में प्रतिभागी–केन्द्रित शिक्षा पध्दति को समझने व आत्मसात करनें हेतु भेजे गये है।

## व्यक्ति

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में उच्च शिक्षित आंतरिक संकाय उपलब्ध है एवं उद्योग से विशेषज्ञता प्राप्त चयनित संकायसहायकों से कमी को पूर्ण किया जाता है।

# प्रस्तावित कार्यक्रम

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)
2. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–मुंबई)
3. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–युएई)
4. प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम)
5. प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम (एफपीएम)
6. प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम–उद्योग (एफपीएम)
7. प्रबंधन में एक्जिक्यूटिव स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी)
8. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम–सप्ताहांत (वैकल्पिक) – पीजीपीएमएक्स– मुंबई एवं युएई
9. प्रबंधन में एक्जिक्यूटिव स्नातकोत्तर कार्यक्रम–ई गवर्नेंस (ईपीजीपी–ईजी)
10. प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी)
11. ब्रॉडबैंड आधारित एक्जिक्यूटिव शिक्षा कार्यक्रम (बीबीईईपी)
12. संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)
13. सैन्य अधिकारियों के लिए बिजनेस प्रबंधन में प्रमाण पत्र (सीसीबीएमडीओ)

# प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

वर्ष 1998 के दौरान संस्थान के प्रमुख कार्यक्रमों में प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) प्रारंभ किया गया जो कि भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ द्वारा मान्यता प्राप्त मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के समकक्ष है।

यह दो वर्षीय पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम है जिसे अब तक पंद्रह बैच के छात्रों द्वारा पूर्ण किया जा चुका है।


## विशिष्ट सुविधाएँ

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर अपनी शैक्षणिक पध्दतियों में यह सुनिश्चित करता है कि, प्रतिभागियों में आपसी सहयोगात्मक क्षमता हो, वे उद्योग विशेषज्ञ हो, उनमें समग्र नेतृत्व गुणों का विकास हो साथ ही साथ वे सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील हो। इस प्रकार की गुणवत्ता इन्हे संस्थान के संरचित पाठयक्रम के माध्यम से निम्न प्रकार से मिलती है:

- ग्रामीणभागीदारी कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है जिसमें प्रतिभागीयों द्वारा सामाजिक संदर्भ में विभिन्न कार्यो को संगठन के विकास में किस प्रकार से उपयोगित किया जा सकता है की विधा सीखते है। मध्य प्रदेश के ग्रामों में प्रतिभागीयों की उपयोगक्षमता स्थापित करनें के लिए इस पाठयक्रम को संरचित किया गया है।
- अनुभवात्मक सीख–पीजीपी प्रथम के प्रतिभागीयों को संपूर्ण वर्ष में सप्ताह के एक दिन विभिन्न उद्योगो में भेजा जाता है जहाँ उन्हे प्रबंधकीय संदर्भो में विभिन्न अनुभवों से परिचय कराया जाता है जो भविष्य में उनके लिए एक मजबूत पृष्ठभूमि प्रदान करता है।
- पीजीपी द्वितीय वर्ष के छात्रों को उद्योग कार्यक्षेत्र में 10 प्रतिशत एवं कार्यात्मक क्षेत्र पाठयक्रम में 10 प्रतिशत सामान्य प्रबंधन के अलावा अद्वितीय मेट्रिक्स आधारित संरचना में दिया जाता है।
- पीजीपी द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए हिमालय आऊटबाउड कार्यक्रम: पीजीपी द्वितीय वर्ष के प्रतिभागी संस्थान में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों में अपना कैरियर बनाते है वहीं दूसरी ओर उन्हें असामान्य परिस्थितियों में अपना अस्तित्व टीम भावनाओं के साथ किस प्रकार से बनाया जा सकता है, यह अनुभव करने लिए उन्हें हिमालय पर्वत की उँचाईयों पर भेजा जाता है। इस प्रेरणा से उनकी कार्यक्षमता में असीमित वृध्दि होती है।
- प्रतिभागियों को द्वितीय वर्ष में विभिन्न विषयों में से अपनी पसंद के ऐच्छिक विषय के चयन की पात्रता होती है। उन्हें अपने कौशल और ज्ञान में अधिक वृध्दि करने के उद्देश से विषयान्तर्गत कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु पंजीकरण का अवसर प्रदान किया जाता है।
- संस्थान के छात्र सहपाठयक्रम के साथ–साथ उत्सव (ग्रामीण उत्सव मेला) मृदंग (सांस्कृतिक मेला) और अवहान (प्रबंध समारोह) गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला में भाग लेते है।
- सुदृढ छात्र विनियम कार्यक्रम: भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर का कई प्रतिष्ठित अर्न्तराष्ट्रीय व्यापार स्कूलों के साथ विनियम अनुबंध है कि, संस्थान के छात्र इस तरह के स्कूलों जाकर एक सेमिस्टर को पूर्ण करे।
- भारतीय प्रबंध संस्थान में प्रतिवर्ष 450 छात्रों का प्रवेश होता है।


**पीजीपी संख्या वर्ष वार**



**वित्तिय सहायता की आवश्यकता**

शैक्षणिक वर्ष 2004–2005 से संस्थान ने आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के जरूरतमंद पीजीपी प्रतिभागियों को वित्तिय सहायता प्रदान करनें हेतु एक वित्तिय सहायता आधारित योजना को लागू किया गया है। योजना का उद्देश्य यह है कि, कोई भी छात्र वित्तिय बाधा के कारण शैक्षणिक कार्यक्रम को पूर्ण करनें में बाधित न रहे।




## 2

# प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–मुंबई)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर वर्ष 2012 से दो वर्ष का स्नातकोत्तर कार्यक्रम मुंबई में आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में तीन सत्र प्रत्येक वर्ष के होते है। प्रथम वर्ष के कोर्स में पीजीपी के समान पाठयक्रम है। द्वितीय वर्ष में ऐच्छिक विषयों जिसमें विपणन, वित्त, स्ट्रेटेजी, संक्रिया प्रबंधन, सूचना प्रणालि तथा मानव संसाधन आदि क्षेत्रों में बेहतर समझ निर्माण करने हेतु सक्षम बनाया जाता है। इस पाठयक्रम में इन्दौर में एक सत्र आयोजित होता है।यह पाठयक्रम उन्हे प्राध्यापक संवर्ग से आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता प्राप्त करने हेतु मदद करता है।

## 3

# प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी–यूएई)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा संयुक्त अरब अमीरात दुबई में प्रबंधन में अनुसंधान और प्रशिक्षण (सीईआरटी) की सहायता से एक स्नातकोत्तर कार्यक्रम आरंभ किया गया। सीईआरटी एक संघीय सरकारी संस्थान है जो उच्चतर महाविद्यालयों की प्रौद्योगिकी के तहत उच्च शिक्षा मंत्रालय और वैज्ञानिक अनुसंधान संयुक्त अरब अमीरात के एक स्वतंत्र निदेशालय के रूप में संचालित होता है। यह कार्यक्रम एक पूर्णकालिक गैर आवासीय कार्यक्रम है।



# 4 प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (आईपीएम)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा युवा छात्रों की आकांक्षा को पूर्ण करने के लिए एक अद्वितीय और रचनात्मक प्रबंधन में पांच वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम आरंभ किया गया। हमारा विश्वास है कि, हमारे द्वारा युवा छात्रों को विश्वस्तर की शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व के रूप में ढाला जाता है। इस कार्यक्रम में व्यापक स्तर की शिक्षा समेकित है जैसे प्राकृतिक विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विभिन्न कला क्षेत्र आदि। इस कार्यक्रम में 15 सत्र होते है जो पांच वर्ष  की अवधि के होते है जिसमें प्रत्येक वर्ष में तीन माह के तीन सत्र होते है। इस प्रकार से 40 प्रतिशत शिक्षा निम्न संबंधित विषयों से दी जाती है।

1. गणित एवं सांख्यिकी
2. अर्थशास्त्र
3. भाषा और साहित्य
4. दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, भूविज्ञान एक परिचय
5. सभ्यता एवं इतिहास
6. प्राकृतिक विज्ञान, भौतिकशास्त्र, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र
7. एक परिचय इंजीनियरिंग
8. साफ्ट स्किल: नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व विकास, टीम वर्क, संप्रेशण
9. कला एवं ललित कला प्रदर्शन

प्रथम तीन वर्ष में अलग–अलग विषयों में बुनियादी शिक्षा के पश्चात आईपीएम छात्रों को नियमित पीजीपी कोर्स में संबध्द किया जाता है एवं उनका पाठयक्रम चौथे एवं पांचवे वर्ष में नियमित छात्रों के समान होता है। तीन वर्ष के उपरांत उन्हे सामाजिक इंटर्नशिप तथा 4 वर्ष में नेतृत्व गुणों एवं 5 वे वर्ष में प्रबंकीय कौशल के बीच एक व्यापार इंर्टनशिप करते है।

संस्थान में प्रतिवर्ष 120 आईपीएम छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। कार्यक्रम का ब्यौरा निम्नलिखित चार्ट में दर्शाया गया है जो तेजी से बढ़ रहा है।





"आईपीएम से मुझे प्रथम तीन वर्ष में विविध क्षेत्रों जैसे मानवीय, वाणिज्य, विज्ञान एवं कला प्रदर्शन में कौशल विकसित करनें में मदद मिली है। चौथे वर्ष से हमें पीजीपी 2014.16 में संबध्द किया जावेगा यह एक रोमांचकारी अनुभव है। मुझे यहाँ पर एक अच्छा एक्सपोजर मिला है जो अन्य किसी भी जगह से प्राप्त नही हो सकता था"

कपील कानूनगो –आईपीएम छात्र वर्ष 2011–16



## 5 प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम (एफपीएम)

वर्ष 2006-2007 में भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में एक अनोखा डॉक्टरल (पीएचडी) कार्यक्रम आरंभ किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को प्रबंध में एक सुदृढ़ पाठयक्रम, अकादमी क्षेत्र में पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करता है । प्रतिभागियों को उनके संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों पर एक अमिट छाप छोड़ने में मदद करता है। यह कार्यक्रम प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है।




## 6 प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम (एफपीएम उद्योग)

एफपीएम (उद्योग) भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर कार्यरत कर्मचारियों लिए एक अनूठी पहल लिए डाक्टरल कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए जो उद्योग क्षेत्र से प्रबंधन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान में योगदान करने की इच्छा रखते है व प्रगति करना चाहते है के लिए एक उत्कृष्ट योगदान प्रदान करता है। शोधकर्ताओं के लिए योग्य प्रशिक्षण व अनुसंधान हेतु सर्वोपरी मदद करनें का इस कार्यक्रम का लक्ष्य है:

- सामान्य एवं कार्यात्मक क्षेत्रों में प्रबंधन अनुशासन के सिंहावलोकन हेतु विशेष ध्यान दिया जाता है।
- अनुसंधान उपकरणों और तकनीकी कौशल में वृध्दि करना।
- विभिन्न शैक्षणिक उपकरणों और तकनीकी के उपयोग को प्रभावित ढंग से विकसित किया जाता है।
- प्रतिभागियों के ज्ञान को विद्वत्तापूर्ण ज्ञान क्षेत्र को सुदृढ बनाना।
- अग्रणी एवं सुदृढ अनुसंधान कार्य जो शोध प्रबंध करने लिए सहायक हो।


एफपीएम छात्रावास



# 7 प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (ईपीजीपी)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम पांच वर्षीय प्रबंधकीय अनुभव के साथ कार्यरत उद्यमियों/प्रबंधको के लिए किसी भी विषय में स्नातकों के लिए संरचित किया गया है। संस्थान में बुनियादी शिक्षण के पश्चात चतुर्थ सत्र में प्रतिभागी मॅककाम्बस् बिजनेस स्कूल (अमेरिका के शीर्ष 20 बिजनेस स्कूल) में टेक्सास विश्वविद्यालय,ऑस्टिन, यूएस में उत्कृष्ट व्यापार विश्लेषण के उन्नत पाठयक्रम प्रशिक्षण हेतु भेजे जाते है।

मॅककाम्बस् बिजनेस स्कूल अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत अर्थव्यवस्था, व्यापार विश्लेषण एवं वैश्विक व्यापार हेतु छात्रों को तैयार करता है। अन्तर्राष्ट्रीय भागीदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यात्मक ऐच्छिक और उद्योग एकाग्रता की दो सत्रों के साथ अनुकरण करता है। इन दो सत्रों के दौरान प्रतिभागी विश्लेषिकी बैंकिंग, वित्तिय सेवाओं के विपणन और स्ट्रेटेजी को आत्मसात करते है।




ईपीजीपी होस्टल



## 8 प्रबंधन में स्नातकोत्तर सप्ताहांत कार्यक्रम (वैकल्पिक) – मुंबई एवं युएई

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा कार्यरत कर्मचारी तथा उद्योग क्षेत्र से संबंधित प्रतिभागीयों के लिए दो वर्षीय वैकल्पिक सप्ताहांत कार्यक्रम मुंबई और संयुक्त अरब अमीरात में संचालित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रबंधन क्षेत्र में अनुभवात्मक अधिगम के लिए प्रतिभागियों को उनके संगठन में रचनात्मक सहयोग के लिए प्रबंधन क्षेत्र में आगे बढ़ने लिये संचालित किया जाता है।

## 9 एक्जिक्यूटिव स्नातकोत्तर कार्यक्रम–ई गवर्नेंस (ईपीजीपी–ईजी)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा सरकार के माध्यम से या निजी भागीदारी के माध्यम से देश में अच्छे शासन को सुनिश्चित करनें की पहल हेतु कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम ई–गर्वनेन्स कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। यह एक वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है। नेशनल इन्स्टीटयूट ऑफ स्मार्ट गवरमेन्ट (एनआईएसजी) एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) भारत सरकार का एक उपक्रम द्वारा समर्थित कार्यक्रम प्रबंधन एवं प्रशासन में कौशल विकसित करनें के उद्देश्य से डिजाईनिंग एवं परियोजनाओं को लागू करनें में निजी और सरकारी उपक्रमों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है।

### संस्थान में हाल ही पधारे विशिष्ठ अतिथी



**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**
भू.पू. राष्ट्रपति भारत



**एन.आर. नारायण मूर्ति**
कार्यकारी अध्यक्ष
इन्फोसिस लिमिटेड



**जे.जे. ईरानी**
भू.पू. प्रबंध निदेशक
टाटा स्टील



**के.वी.कामथ**
अध्यक्ष, आईसीआईसी बैंक एवं
शासी बोर्ड भाप्रसं इन्दौर



**रमा बीजापुरकर**
प्रख्यात मैनेजमेन्ट
परामर्शदाता



**रामचंद्र गुहा**
प्रबुध्द लेखक



**सुभांषु सक्सेना**
प्रबंध निदेशक
एवं ग्लोबल सीईओ, सिपला



**डी. शिवकुमार**
सीईओ
पेप्सिको इंडिया

## 10 प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर की एक महत्वपूर्ण गतिविधि प्रबंध विकास कार्यक्रम (एमडीपी) विशेष रूप से व्यावसायिक और प्रबंधकीय प्रथाओं की उभरती वास्तविकतओं को प्रतिबिंबित करनें के लिए उद्देश से तैयार की गयी है। प्रतिभागियों को उनके संगठनों में भविष्य में सफलता अर्जित करनें के लिए सहयोग देने हेतु कौशल प्रदान करता है। एक सुंदर एवं सुदृढ प्रबंधन प्रथाओं की खोज करनें, नये दृष्टीकोण और नए प्रबंकीय अवधारणों को सीखनें, वैचारिक आदान–प्रदान करनें का अवसर प्रतिभागियों को विविध प्रकार से दिया जाता है।

## 11 ब्राडबैंड आधारित एक्जिक्यूटिव शिक्षा कार्यक्रम (बीबीईईपी)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा वर्ष 2007 से ब्राडबैंड आधारित एक्जिक्यूटिव शिक्षा कार्यक्रम (बीबीईईपी) प्रारंभ किया गया । यह कार्यक्रम भारत के विभिन्न शहरों में स्थित कक्षाओं के लिए एक नया ऑनलाईन प्रबंधकीय पाठयक्रम है। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्राध्यापक संवर्ग अपने व्याख्यान कक्षा स्टूडियों से ब्राडबैंड तकनीकी का उपयोग कर अपने प्रतिभागियों को देते है।

## 12 संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम प्रबंधकीय अध्यापन और अनुसंधान क्षमताओं में वृध्दि करनें हेतु अपने सदस्यों के लिए संचालित किया जाता है। यह आवासीय प्रशिक्षण दो माह का होता है।

## 13 सैन्य अधिकारियों के लिए व्यावसाय प्रबंध में प्रमाण–पत्र पाठयक्रम (सीसीबीएमडीओ)

निदेशालय जनरल पुर्नवास (डीजीआर) द्वारा अवकाश ग्रहण करने वाले और सेवानिवृत्त सेवा अधिकारियों के लिए सार्थक प्रशिक्षण प्रदान करनें के लिए अपनी प्रतिबध्दता को बनाये रखने के उद्देश्य से यह पाठयक्रम आरंभ किया गया। वर्ष 2013–14 तक संस्थान में 476 सैन्य अधिकारियों के 10 बैच को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है।



# संकाय

## भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर में नियमित प्राध्यापक संवर्ग के अतिरिक्त संकाय के रूप में भारतीय और विदेशी विश्वविद्यालयों से सेवानिवृत्त संकाय, उद्योग क्षेत्र से रेसीडेन्ट और विजिटिंग संकाय का एक स्वस्थ्य मिश्रण है। भारतीय प्रबंध संस्थान एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्थान होने के नाते उपलब्ध संकाय ऐसे भविष्य के शोधार्थी निर्मित करे जिनका ज्ञान समाज की आवश्यकताओं एवं शैक्षिक वातावरण की पूर्ति करने हेतु वचनबद्ध हो।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर के प्राध्यापक संवर्ग नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लेते है। संकाय सदस्य संस्थान मे बेहतर संसाधनों का उनके क्षेत्र में उपयोग कर ज्ञानवृद्धि करते है जिससे विदेशी संकाय और संस्थानों के साथ सहयोगात्मक रिश्तों के निर्माण में मदद मिलती है। संकाय द्वारा अपना सराहनीय अनुसंधान योगदान अन्तरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के लिए देकर उनके विशेष क्षेत्र में अतुलनीय वृद्धि की गयी है एवं कई पुरस्कार और छात्रवृत्तियाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की है। इसके अलावा कई प्रतिष्ठित समितियों और विविध शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा इनकी सेवाए ली जाती है।

संस्थान के संकाय सदस्यों के माध्यम से की गयी पेशकश की कई पहलों के लिये अध्यापन, शोध या कन्सल्टेन्सी क्षेत्र में अपनी क्षमता का एहसास दिला रही है। प्रबंधन शिक्षा के लिये विगत वर्षो में 21 संकाय सदस्यों को प्रतिभागी–केन्द्रित शिक्षा पद्धति को आत्मसात करनें के लिए हार्वड बिजनेस स्कूल, बोस्टन में नामांकित किया गया।

वर्ष 2014–15 में निम्नांकित सदस्यों को इस कार्यक्रम के लिए नामांकित किया गया है।


भविन शाह


अमिताभ देव कोडवानी


श्रीनिवास गुन्टा


मधुश्री श्रीवास्तव

अध्यापन के क्षेत्र में संकाय शिक्षण विधियों जैसे केसेस, सिम्युलेशन, प्रोजेक्ट, कम्प्युटर सहायता प्राप्त अनुदेश, व्याख्यान, सेमीनार, प्रस्तुतीकरण, अतिथी व्याख्यान का संविलियन करती है। यह प्रतिभागियों के लिए विश्लेषणात्मक कौशल समस्याओं के विश्लेषण में मदद करता है। संकाय समुह मुख्य रूप से प्रतिभागियों को विकसित एवं तर्को का बचाव तथा योग्य निर्णय लेने हेतु मार्गदर्शन करता है।

# छात्र गतिविधियाँ

विभिन्न स्तरों पर बहु–उद्देशिय प्रबंधन कौशल प्राप्त करने के लिए छात्रों को संस्थान द्वारा अलग–अलग कोर क्षेत्र दिये जाते है। उन्हें इन क्षेत्रों के अनुसार अलग–अलग समितियों में विभाजित किया जाता है। यह संपूर्ण कार्य संबंधित क्षेत्रों के अनुसार गठित समितियों द्वारा संपन्न किया जाता है जो प्रतिभागियों को उपलब्ध संसाधनों के बेहरत प्रबंधन और कौशल प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाता है। प्रतिभागीयों में नेतृत्व गुणों और प्रबंधन कौशल जो अकादमिक गतिविधियों के पूरक है, विकसित करने का कार्य कई क्लबों और समितियों के माध्यम से किया जाता है।

**समितीयाँ**

- छात्र गतिविधी परिषद
- अकादमिक मामलों की समिति
- पूर्व छात्र समिति
- सांस्कृतिक और सामाजिक मामला समिति
- उद्योग संपर्क समिति
- इन्फ्रास्टक्चर समिति
- मीडिया जनसंपर्क समिति
- प्लेसमेन्ट समिति
- खेलकूद समिति
- छात्र विनियम समिति

**आयोजन**

*आईरिस प्रबंधन एवं सांस्कृतिक उत्सव*
*इन्दौर व्यापार लीग वार्षिक सामाजिक प्रबंधन महोत्सव*
*इन्दौर मैराथन मध्य भारत में सबसे बडी दौड़*
*उत्साह वार्षिक विपणन ईवेन्ट*
*अर्थव आईआईएम प्रबंधन एवं सांस्कृतिक महोत्सव*

**क्लब@आईआईएम इन्दौर**

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर के छात्र अपने शौक तथा पसंद के क्षेत्रों में आगे और विकसित करने लिये विभिन्न गतिविधियाँ क्बलों के माध्यम से पूर्ण करते है। छात्रों के मध्य गठित विभिन्न समितियों द्वारा प्रबंधकीय कौशल को बढानें के लिए दुनिया के साथ वार्तालाप करनें के लिए संपूर्ण वर्ष में गतिविधियों को संचालित करते है। ये क्लब निम्नानुसार है:–

- आरंभ
- अपर्चर
- एआर3एनए
- क्लब काईजन
- कंसल्टिंग क्लब
- डेबसोक
- करंक–1
- इंटरप्रिन्योरशीप सेल
- इक्किट
- हारमनी–1
- हयूमन–1
- एडामिन
- इनफीनीट–1
- मेनेजमेन्ट कॅनवास
- मार्केट्रिक्स
- मर्चेंड–1
- मर्कर–1
- प्रगति–1
- क्यूरोसिटी
- वित्त एवं निवेश क्लब
- उम्मीद

मार्च 2, 2014: टेडेक्स भारतीय संस्थान टीम प्रतिष्ठित वाक्ताओं के साथ










पूर्व दीक्षांत समारोह 2014

" यह वही जगह है जहाँ पर बहुत कुछ सीखने को है, इतना कुछ करने के लिए है कि लगता है कि, सोना भी समय की बर्बादी है। मेरे लिए यह स्थान एक महान सौदे की तरह है। मैं तो यहाँ एक साधारण इंजीनियर की तरह आया था लेकिन मैं सामाजिक रूप से संवेदनशील परिसर एक महत्वाकांक्षी के रूप में प्रयास कर आगे बढ़ रहा हूँ। "

आदित्य अग्रवाल, पीजीपी 2012-14



# अंतरराष्ट्रीय सहयोग

आईआईएम इन्दौर में अपने छात्रों और संकाय के लिए निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूल के साथ आदान–प्रदान कार्यक्रम है:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्बाग्रेज्युएट बिजनेस स्कूल, ग्रीस | ऑकलेण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, न्यूजीलेण्ड | बरूच कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क, यूएसए | ब्रॉक यूनिवर्सिटी, ओंटारियो, कनाडा | ईगेड बिजनेस स्कूल, मेक्सिको | ईएमलियोन (ईक्रोल डे मैनेजमेन्ट) फ्रान्स |
| ईएमनॉरमण्डी, फ्रान्स | ईएमस्ट्रान्सबोर्ग बिजनेस स्कूल, फ्रान्स | फ्रान्स बिजनेस स्कूल, कॅम्पस ब्रेस्ट, फ्रान्स | ईएससी ट्रोईस, फ्रान्स | फ्रान्स बिजनेस स्कूल, क्लेरमेन्ट, फ्रान्स | यूरोपियन बिजनेस स्कूल, ऑएस्ट्रिच–विंकेल, जर्मनी |
| फ्रन्कफर्ट स्कूल ऑफ फायनेन्स एण्ड मैनेजमेन्ट, फ्रान्स | आईएई एआईएक्स ग्रेज्यूएट स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट, फ्रान्स | आईसीएन बिजनेस स्कूल, फ्रान्स | आईईएसईजी स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट, फ्रान्स | इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट,जर्मनी | केईडीजीई बिजनेस स्कूल, फ्रान्स |
| मोन्टपेलर बिजनेस स्कूल, फ्रान्स | म्युनिख बिजनेस स्कूल, जर्मनी | एनईओएमए बिजनेस स्कूल, रिम्स कॅम्पस, फ्रान्स | दी कोपिड ग्रेज्युएट स्कूल ऑफ बिजनेस, ब्राजील | मन्सटर स्कूल ऑफ बिजनेस एण्ड इकानॉमिक्स, जर्मनी | दी यूनिवर्सिटी टून अब्दूल रजाक एसडीएन बीएचडी, मलेशिया |
| सोलवे बुसेल्स स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स एण्ड मैनेजमेन्ट | यूनिवर्सिटी बोकोनी, इटली | दी एशियन इन्स्टीटयूट ऑफ मैनेजमेन्ट, फिलिपिन्स | वियेना यूनिवर्सिटी इकानॉमिक्स एण्ड बिजनेस, ऑस्ट्रिया | दी यूनिवर्सिटी ऑफ एरनेलगेन नर्नबर्ग, जर्मनी | दी फॅकल्टि ऑफ बिजनेस एण्ड लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकेसल |

# अवस्थापन

एक मिशन के रूप में एवं संदर्भ की दृष्टी प्रासंगिक बिजनेस स्कूल जो विश्वस्तरीय शैक्षणिक मानकों के साथ विकसित हो, भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर व्यावसायित जगत की अनेकों बहुताय के साथ संबध्द किया गया है। संपूर्ण वर्ष में प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों के व्याख्यान माला, प्रबंधन कार्यशालाओं, ऑफलाईन परियोजनों और व्यावसाय केस अध्ययन प्रतियोगिताओं के साथ परिप्रेक्ष्य देने के लिए संस्थान अनेकों गतिविधियों में शामिल है।

प्रतिवर्ष भारतीय प्रबंध संस्थान की अवस्थापन समिति और नियोक्ता ग्रीष्मकाल में अंतिम प्लेसमेन्ट के माध्यम से उत्साही प्रतिभागियों के लिए अनेकों विकल्प व अवसर प्रदान करता है। संस्थान का यह सीजन वर्ष 2012–14 के पीजीपी बैच के लिए उत्कृष्ठ अवसर लिए हुआ था। 475 प्रतिभागियों की यह मजबूत बैच की भागीदारी 152 कंपनियों द्वारा परखी गयी। संस्थान की विविध प्रतिभाओं को 14 माह का अनुभव ने कई कंपनियों को आकर्षित किया इसमें एफएमसीजी, बैंकिग एवं वित्तिय संस्थाएं, आईटी, ई–कामर्स, शिक्षण संस्थाए, मीडिया, हेल्थकेयर एवं फार्मास्युटिकल, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं उर्जा विभाग प्रमुख थे। संपूर्ण प्रक्रिया में प्रतिभागियों की गुणवत्ता और संकाय के उत्कृष्ठ अध्यापन एवं संस्थापन के पूर्ण योगदान ने एक मधुर संबंध स्थापित कर नियोक्ताओं को संस्थान के चयन हेतु आकर्षित किया ।

## कुछ वर्तमान भर्तीकर्ता

- एक्सेंशर
- एयरटेल
- अमेजान
- अमेरिकन एक्सप्रेस
- बैंक ऑफ अमेरिका मैरिल लिंच
- बारक्लेज
- बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप
- ब्रिटानिया
- कॅपजेमिनी
- सीपला
- सीटी बैंक
- कोका–कोला
- कॉग्नीजेन्ट बिजनेस कन्सल्टिंग
- कोलगेट पामोलिव
- डेलॉईटी
- डयूश बँक
- ई–बे
- ईली लिली
- फिलपकार्ट
- फ्रॉस्ट एण्ड सुलिवन
- जनरल इलेक्रिटक
- जनरल स्मिथ क्लाईन
- गुगल
- ग्लॅक्सो
- एचएसबीसी
- हिन्दुस्तान युनिलीवर
- आईटीसी
- जे.पी. मॉर्गन
- लॉरसन एण्ड टूब्रो
- लोरियल
- महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा
- मॅरिको
- माईक्रोसाफट
- नेटवर्क 18
- प्रॉक्टर एण्ड गेम्बल
- पेप्सीको
- पीडीलाईट
- प्राईज वाटरहाऊस कुपर्स
- रेकिट बेन्कीजर
- रिलायन्स इंडस्ट्रिज
- सेमसंग
- टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेस
- वोडाफोन

" भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर हमेशा से ही एक महान शैक्षणिक प्रतिभा का स्त्रोत रहा है और इस वर्ष (2014) में दिये गये अच्छे प्रस्ताव भी इस तथ्य के लिए एक प्रमाण–पत्र के समान है। मैं यहाँ पर उल्लेख करना चाहुँगा कि भर्तिकर्ताओं की टीम के संस्थान द्वारा किये गये कार्य प्रभावशाली व प्रक्रिया बहुत पेशेवर एवं सरलता पूर्वक थी। "

पेनलिस्ट, डयूश बैंक



अध्ययन केन्द्र



खेल परिसर






सिद्धिमूलं प्रबन्धनम्

भा. प्र. सं. इन्दौर

IIM INDORE



## प्रमुख संपर्क

### निदेशक कार्यालय

director@iimidr.ac.in
+91-731-2439501, 504, 507

### प्रवेश कार्यालय

पीजीपी : pgpadmission@iimidr.ac.in
आईपीएम: ipmadmissions@iimidr.ac.in
दूरभाष : +91-731-2439685/686/687/688/689

### कार्यक्रम कार्यालय

पीजीपी : pgpoffice@iimidr.ac.in
पीजीपी मुंबई : pgpmumbaioffice@iimidr.ac.in
पीजीपी युएई : pgpuaeoffice@iimidr.ac.in
एफपीएम : fpmoffice@iimidr.ac.in
ईपीजीपी : epgpoffice@iimidr.ac.in
आईपीएस : ipmoffice@iimidr.ac.in
एफडीपी : fdp@iimidr.ac.in
एक्जिक्यूटिव एडयुकेशन (एमडीपी): mdpoffice@iimidr.ac.in

### प्लेसमेंट कार्यालय

Phone: +91-731-2439558-663
placement@iimidr.ac.in

### भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर

प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड इन्दौर-453 556 (म.प्र.) भारत
दूरभाष : +91-731-2439666, फैक्स : +91-731-2439800

www.iimidr.ac.in

The COMMUNION